भारतीय रेलवे द्वारा "पैसेंजर ऑन व्हील्स" से अर्जित मुनाफा

64. **श्री शंकर दयाल सिंह:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय रेलवे को "पैसेंजर ऑन व्हील्स" रेलगाड़ी से पिछले तीन वर्षों के दौरान, वर्षवार कितना मुनाफा हुआ है;

(ख) क्या यह सच है कि इसके लिए भुगतान केवल विदेशी मुद्रा में ही स्वीकार किया जाता है; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान "पैसेंजर ऑन व्हील्स" गाड़ी से हुए लाभ/हानि का ब्यौरा नीचे दिया गया है:—

(लाख रुपयों में)

	1988–89	1989–90	1990–91
(i) प्रत्यक्ष लागत के आधार पर	(+)40.36	(+)52.71	(+)63.70
(ii) पूर्णत: वितरित लागत के आधार पर	(-) 7.02	(-) 2.60	(-) 1.60

(ख) और (ग) विदेशी नागरिक तथा अप्रवासी भारतीय अमरीकी डालरों में और भारतीय रुपयों में भुगतान करते हैं।

राज्य सभा के सदस्यों की सिफारिश पर रसोई गैस के कनेक्शन

65. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या 1 जनवरी, 1991 से 31 अक्तूबर, 1991 के दौरान राज्य सभा के जिन सदस्यों ने रसोई गैस के कनेक्शन देने के लिए सिफारिशें की थीं, उन सभी व्यक्तियों को गैस कनेक्शन दे दिये गये हैं;

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और ये कनेक्शन कब तक दे दिये जाने की संभावना है; और

(ग) इस संबंध में उनके मंत्रालय द्वारा संबंधित सदस्यों को सूचना न भेजे जाने के क्या कारण हैं?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानंद): (क) से (ग) राज्य सभा के सदस्यों द्वारा 1 जनवरी, 1991 से सिफारिश किए गए अधिकतम एलपीजी कनेक्शन जारी कर दिए गए हैं और कुछ का संसाधन हो रहा है। सितम्बर, 1991 में सभी सदस्यों को व्यक्तिगत तौर पर पत्र भेजे गए हैं जिसमें उन्हें उनके द्वारा सिफारिश किए गए कनेक्शनों के बारे में स्थिति से अवगत कराया गया है।

Construction of New Railway Line from Nizamabad to Ramagunflam via Jagityal

66. R. NARREDDY THULASI REDDY; Will the Miinster of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government are considering a proposal for construction of railway line from Nizamabad to Ram-agundam via Jagityal;

(b) if so, what are the details thereof: and